

एक नजर में

## कुंभराज में अज्ञात चोरों ने बिजली लाइन के तार उड़ाए

**गुना।** जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने 33 केवी हाईटेंशन लाइन से तांबे के तार चोरी कर लिए। इस घटना से विद्युत विभाग को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। एमपीईबी कुंभराज में संविदा लाइन हेल्पर पवन लोधा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत दिवस सूचना मिली कि नर्सरी खटकिया से मुडरा के बीच 33 केवी लाइन के बिजली खंभों के तार टूटे पड़े हैं। जब एमपीईबी की टीम-जेई ललित तिलगम, टीए संदीप यादव और लाइनमैन नंदकिशोर नामदेव मौके पर पहुंचे, तो पाया कि अज्ञात व्यक्तियों ने रात के समय 11 पोल और एक डीपी तोड़कर लाइन को खींच लिया और तीनों फेज के आठ खंभों के तार चोरी कर लिए।
चोरी गए तारों की कीमत लगभग 15 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना 31 अक्टूबर से 1 नवंबर की रात के बीच की है। आसपास खोजबीन के बावजूद चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। कुंभराज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उच्च जोखिम गर्भवती महिला को कराया रक्ताधान

नवभारत न्यूज

**गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सतनपुर में भ्रमण के दौरान मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिल्पा टांटिया द्वारा व्हीएचएनडी सेशन मॉनिटर करने पहुंची। वहां उन्होंने पाया कि एक उच्च जोखिम गर्भवती माता सोनम पत्नी अर्जुन सिंह यादव जो की 8 माह की गर्भवती थी।**

उसे बुखार, सर दर्द, घबराहट की शिकायत थी। डॉ. टांटिया द्वारा तत्काल स्टाफ को उसका ब्लड प्रेशर एवं हीमोग्लोबिन चैक करने के निर्देश दिए। स्टाफ द्वारा जांच करने पर पता चला की उसका ब्लड प्रेशर 134/ 90 एवं हीमोग्लोबिन 7.1 था। डॉ. टांटिया द्वारा संबंधित के परिजनों को ब्लड लगवाने हेतु जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी। परिजन ले जाने तैयार नहीं थे, तो उन्होंने काउंसलिंग की तब जाके परिजन



तैयार हुए उन्होंने प्राथमिक उपचार कर तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल कर संबंधित गर्भवती माता को जिला चिकित्सालय रेफर किया जहां उसे ब्लड चढ़ाया गया।

इसके फॉलोअप में पर्यवेक्षक कमल किशोर उपाध्याय एवं सुमन हेल्प डेस्क के साथ ही सतनपुर के स्टाफ ए एन एम विधा सुरवे, मनीषा यादव, सी एच ओ महेश जाटव, आशा सीमा कुशवाह की महत्वपूर्ण भूमिका पर सीबीएमओ डॉ. शिल्पा टांटिया द्वारा प्रशंसा की है एवं आशा की है की सभी ब्लॉक का स्टाफ इसी तरह अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करता रहेगा।



## बजरंगदल ने हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**गुना।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंगदल ने बुधवार को शिवा ब्लड बैंक में शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन कोठारी बंधुओं के बलिदान दिवस पर उनके अमर बलिदान को स्मरण करते हुए किया गया। विहिप हर साल इस दिन को हुतात्मा दिवस के रूप में बनाती है। विहिप जिला मंत्री राकेश शर्मा ने कहा कि यह दिवस उन वीरों को समर्पित है। जिन्होंने श्री राम मंदिर आंदोलन में प्राण दीजिए है। शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे । जिला मंत्री शर्मा ने कहा कि रक्तदान मानवता की सब से बड़ी सेवा है। इससे जरूरत के समय किसी की जान बचाई जा सकती है। वहीं शिवा ब्लड बैंक ने सभी रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र ओर हेलमेट दिए, वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करे, ओर यातायात के नियमों का पालन करे, इस मौके पर जिला सह मंत्री रामप्रसाद शर्मा, जिला सह मंत्री राजेंद्र कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ओझा, विभाग सेवा प्रमुख प्रमोद भार्गव, जिला कोषाध्यक्ष नितिन जाट, मनीष रघुवंशी जिला सह मंत्री, जिला समन्वय प्रमुख भूपेंद्र कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गौड़, जिला संयोजक ब्रजेश प्रजापति, जिला सह संयोजक गौरव कुशवाह, जिला सह संयोजक सौरव रजक,लोकेश कुशवाह, प्रबल कुशवाह, बंटी रघुवंशी, प्रदीप कुशवाह, नरेंद्र कुशवाह, जीतू जैन, अर्जुन राठौर, धर्मेंद्र ओझा, ब्रजभान यादव, एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 06 एवं 07 नवम्बर को

**गुना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जंयती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में जाना है। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा एकीकरण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढावा देने, कला और सांस्कृतिक पहलुओं को समझने और सराहने, एक दूसरे की संस्कृतियों का अन्वेषण करना, पारंपरिक कला रूपों को बढावा देना, सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान और युवाओं को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु मंच प्रदान करने के मुख्य उद्देश ?य से ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 10 से 12 जनवरी 2026 तक भारतमण्डपम, नई दिल्ली में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं हेतु विकसित भारत यंग लिडर्स डायलॉग के तहत 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 के अंतर्गत सांस्कृतिक और नवाचार थीम में जिला संभाग एवं राज्य स्तर पर 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवा 07 विधा यथा भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी में प्रतिभागिता करेगें। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 06 एवं 07 नवम्बर 2025 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में प्रात: 10:30 बजे से प्रारंभ किया जावेगा। 06 नवम्बर 2025 को कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिग, विज्ञान प्रदर्शनी एवं दिनांक 07 नवम्-?बर 2025 को समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य, भाषण विधा का आयोजन किया जावेगा। जिला स्तर से चयनित युवा/दल संभाग, संभाग से चयनित युवा/दल राज्य स्तर पर तथा राज्य स्तर पर चयनित युवा/दल नई दिल्ली में प्रस्तुति देगें। विज्ञान मेला की प्रदर्शनी का समापन राज्य स्तर पर ही किया जावेगा इस विधा में विजेता युवा राष्ट्रीय स्तर पर प्रेतिभागिता नहीं करेंगें। 07 विधाओं में प्रतिभागिता करने वाले युवाओं का पंजीयन में किया जाना अनिवार्य है।

## सोल्यावेह में 30 बीघा जमीन से हटाया अवैध अतिक्रमण

**गुना।** ग्राम सोल्यावेह में वन विभाग की लगभग 30 बीघा भूमि जिस पर बंजारा समुदाय के लोगों द्वारा पिछले वर्षों से अतिक्रमण किया जा रहा था। आपस में विवाद कर रहे थे। उक्त भूमि पर कब्जे को लेकर दो दिवस पूर्व भी विवाद हुआ था। जिसमें कुछ लोगों को चोटें आई थी जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व



चाचौड़ा रवि मालवीय के निर्देशन में तहसीलदार कुंभराज सुनील वर्मा एवं नायब तहसीलदार राजेन्द्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन फॉरेस्ट रेंजर सौरभ द्विवेदी सानई चौकी प्रभारी नीरज कुमार एवं वन व पुलिस अमला, हल्का पटवारी, राजस्व दल के द्वारा संयुक्त दल कार्यवाही द्वारा दो जेसीबी मशीन से गड्ढे खुदवा कर अतिक्रमण भूमि खाली कराई गई।
अधिकरण मुक्त कराई गई भूमि की वर्तमान बाजारू कीमत लगभग 60 लाख रुपए है।

## अंडर 22 जिला क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल शनिवार को

**गुना।** ग्वालियर संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर -22 गुना जिला क्रिकेट टीम की चयन के लिए ट्रायल 8 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस संदर्भ में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सौरभ रघुवंशी ने बताया कि जिला क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल इंदिरा सिसोदिया क्रिकेट क्लब पीजी कॉलेज के इंडोर हॉल के सामने दोपहर 12 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। जिन खिलाड़ियों की जन्म तिथि 01/09/2003 के बाद का होगा वे इसमें भाग ले सकते हैं।

## कलेक्टर ने आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले के 03 आदतन अपराधी को 01 वर्ष के लिए जिलाबदर करने के आदेश जारी किए गये हैं। आदतन अपराधी संजय रघुवंशी उर्फ बग्गा पुत्र बलवीर सिंह रघुवंशी अन्नपूर्णा कॉलोनी गुना, अभि लोधी उर्फ अभिषेक पुत्र लल्लू लोधी (नरवरिया) आरोन तथा जीतू यादव पुत्र जयमंडल सिंह यादव बरबटपुरा थाना आरोन जिला गुना को 01 वर्ष के लिये गुना जिला एवं अशोकनगर, शिवपुरी राजगढ़, विदिशा, भोपाल की सीमा से निष्कासन संबंधी आदेश पारित किये गये हैं।

## हॉकी शताब्दी वर्ष पर 7 नवंबर को खेले जाएंगे मेत्री मैच




**गुना।** हॉकी इंडिया देश में अपने 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष मना रहा है। हॉकी इंडिया इस खेल को बढावा और स्वर्णिम युग की याद ताजा करने 7 नवम्बर को जिला मुख्यालयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। हाकी के पूर्व खिलाड़ी एवं हाकी संघ के पदाधिकारी शेखर वशिष्ठ ने बताया कि गुना में भी हॉकी इंडिया के निर्देश पर जिला हॉकी संघ कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि 7 नवंबर को संजय स्टेडियम में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही हाकी के मेत्री मैच खेले जाएंगे। इसमें दो पुरुष और दो महिला वर्ग की टीम सिरकत करेंगी। शेखर वशिष्ठ ने बताया कि प्रयास ये भी है कि एक-दो बाहर की टीम भी आए। वहीं उन्होंने कहा कि इस अवसर पर कलेक्टर-एसपी सहित हाकी के सभी पूर्व खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे। संजय स्टेडियम में आज आयोजन को लेकर एक प्रेसवार्ता रखी गई।

जिसमें हाकी संघ ने बताया कि गुना की पहचान कभी हाकी के रुप में रही है। यहां लाल बहादुर शास्त्री कप हाकी प्रतियोगिता में देश-विदेश तक के खिलाड़ियों ने सिरकत की है। शहर से भी कई हाकी खिलाड़ी निकले, जिन्होंने दूसरे शहरों में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## ऊर्जा मंत्री ने की बेनिफिट बढ़ाने की घोषणा, समाधान योजना का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**गुना।** मध्य प्रदेश में विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 20 वर्ष से अधिक समय से लंबित फ्रिंज बेनिफिट में बढ़ोतरी की घोषणा की है। इसमें जोखिम भत्ता, यात्रा भत्ता, रात्रिकालीन भत्ता सहित कई अन्य सुविधाएँ शामिल हैं। यह घोषणा शुक्रवार को राजधानी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की गई। इसी अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव की उपस्थिति में समाधान योजना का भी शुभारंभ किया गया। इस योजना का उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निवारण करने के साथ ही विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर, अखिल भारतीय बिजली मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी रामनिवास टाले और रमेश नागर, मध्य क्षेत्र के महामंत्री संदीप त्रिपाठी, संगठन मंत्री शेखर राखड़े, कार्यालय मंत्री देवेंद्र नेवले और मंत्री अमित सिंह कुर्मी ने ऊर्जा मंत्री का शॉल, अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। संगठन पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम विद्युत कर्मियों के मनोबल को मजबूत करेगा और वर्षों से लंबित मांगों को न्याय दिलाने जैसा है।उन्होंने कहा कि फ्रिंज बेनिफिट में बढ़ोतरी से हजारों कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा और कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ कार्य-परिस्थितियों में भी सुधार आएगा।

## अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की कार्यवाही जारी

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के निर्देशन में आज रूठियाई एवं कुंभराज क्षेत्र में आकस्मिक भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कुंभराज में 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली एम सैंड का अवैध परिवहन करने के कारण जब्त कर थाना कुंभराज में खड़ा कराया गया। साथ ही रूठियाई क्षेत्र में ट्रैक्टर लोडर से मिट्टी का अवैध खनन कर विक्रय होना पाए जाने से जब्त कर थाना रूठियाई खड़ा कराया गया है। उक्त वाहनों के प्रकरणों को तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यवाही में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, खनिज सिपाही श्रीराम भरोसा, सैनिक हकीम सिंह रघुवंशी, सैनिक रघुनंदन रघुवंशी, सैनिक राजीव रघुवंशी उपस्थित रहे।

## सिरसी थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग किशोरी को पुलिस ने किया दस्तयाब




**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के द्वारा अभियान के तहत जिले में नाबालिग बालक/ बालिकाओं के अपहरण अथवा गुमशुदगी के प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही कर अपहृत नाबालिगों की अधिक से अधिक दस्तयाबी के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में जिले के सिरसी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार साहू और उनकी टीम द्वारा थाना से अपहृत एक नाबालिग किशोरी दस्तयाब कर उसके अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 07 अगस्त 2025 को जिले के सिरसी थाने पर एक पिता की ओर से अपनी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी के दिनांक 24 जुलाई 2025 से गुम होने की सूचना दी गई थी, जिस पर से पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 57/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर अपहृता की तलाश शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के द्वारा आफपरेश मुस्कान के तहत अपहृत नाबालिगों की दस्तयाबी हेतु दिये गए निर्देशों के तहत सिरसी थाना पुलिस द्वारा अपहृता की तलाश और तेज की गई और इस हेतु अपना मुखबिर जाल बिछाकर विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद लेकर अपहृता को खोजने के सघन प्रयास किये गये। जिसके परिणामस्वरूप बीते रोज अपहृता के संबंध में जानकारी मिलने पर सिरसी थाना पुलिस द्वारा तत्पर और प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में करीबन तीन माह से अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। दस्तयाबी पर पीडिता द्वारा अपने कथनों में दिनेश पुत्र अमर सिंह भिलाला निवासी ग्राम गेंहूखेड़ा के द्वारा उसे शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर जाना और उससे गलत काम करना बताये जाने पर प्रकरण में आरोपी दिनेश भिलाला के विरुद्ध अपराध धारा 64(1) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 पास्को एक्ट इजाफा कर 04 नवम्बर 2025 को ही आरोपी दिनेश पुत्र अमर सिंह भिलाला उम्र 21 साल निवासी ग्राम गेंहूखेड़ा थाना सिरसी जिला गुना को भी गिरफ्तार कर लिया गया और जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

धरपकड़ | बमौरी थाना पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त कार को भी किया जप्त

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 06 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु एक अभियान के रूप में कार्यवाहियां की जा रहीं है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मागर्दशन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में जिले के बमौरी थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजोरिया और उनकी टीम द्वारा थानांतर्गत एक महिला को कार में लिफ्ट देकर उसके साथ दुराचार के मामले में फरार अंतिम आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि 12 मई 2025 को एक विवाहिता की ओर से बमौरी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 11 मई 2025 को वह अपने गांव जाने के लिये वाहन का इंतजार कर रही थी इसी दौरान बलराम किरार निवासी ग्राम अमरोद की कार आने पर वह लिफ्ट लेकर उस कार में बैठ गई, कार में तीन अन्य व्यक्ति भी बैठे




हुए थे। कार में उन चारों ने उसके साथ छेड़छाड़ व खींचातानी की एवं विरोध करने पर मारपीट की गई थी । जिस पर से आरोपी बलाराम किरार एवं अज्ञात अन्य तीन के विरूद्ध बमौरी थाने में अप.क्र. 101/25 धारा 74, 75, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना में आये तथ्यों एवं पीड़िता के पूरक कथनों में बलराम किरार द्वारा अपने अन्य तीन साथियों की मदद से पीडिता के साथ गलत काम किया जाना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 64(1), 70(1) बीएनएस इजाफा की जाकर बमौरी थाना पुलिस द्वारा प्रकरण के आरोपियों की सरगर्मी तलाश की गई और और पूर्व में तीन आरोपी बलराम किरार, अतुल सेन एवं पुष्पेन्द्र किरार गिरफ्तार जेल भेजा जा चुका है एवं प्रकरण में फरार शेष व अंतिम आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी रखते हुए जिसकी तलाश हेतु अपना मुखबिर जाल बिछाकर सभी संभावित जगहों पर सघन दविश दीं गई, जिसके तहत तक 04 नवम्बर 2025 को आरोपी के संबंध में मुखबिर सूचना पर बमौरी थाना पुलिस द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में करीबन 06 माह से फरार अंतिम आरोपी छोटू पुत्र बाबूलाल किरार उम्र 28 साल निवासी ग्राम बमौरी जिला गुना को भी गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार भी पुलिस द्वारा जप्त की गई है। बमौरी थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण रघुवंशी, प्रधान आरक्षक बालस्वरूप धाकड़, आरक्षक शाहरूख खांन, आरक्षक पुष्पेन्द्र, गुलाब सिंह एवं आरक्षक महेन्द्र की विशेष भूमिका रही है।

## कैंट पुलिस ने छेड़छाड़ के 06 वर्ष पुराने एक प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी किया गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों, इनामी बदमाशों, वारंटियों आदि की धरपकड़ हेतु एक अभियान के रूप में कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना श्रीमति प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा छेड़छाड़ के 06 वर्ष पुराने एक प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में आरोपी जीतू पुत्र रामदयाल सेन निवासी बांसखेड़ी गुना के छेड़छाड़ की एक घटना को लेकर जिसके विरूद्ध केंट थाने में अप.क्र. 519/25 धारा 354, 506 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज हुआ था। प्रकरण में आरोपी के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर माननीय न्यायालय गुना से न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 1115/19 में स्?थाई वारंट जारी हुआ था ।केंट थाना पुलिस ने वारंटी जीतू सेन की निरंतर तलाश की गई और जिसकी तलाश के क्रम में बीते रोज वारंटी के संबंध में मुखबिर सूचना पर केंट थाना पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही कर प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थाई जीतू पुत्र रामदयाल सेन उम्र 34 साल निवासी बांसखेड़ी गुना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।
केंट थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, प्रधान आरक्षक मुकेश मौर्य, प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र, आरक्षक लक्ष्मीनारायण पारस एवं आरक्षक राजेश कुमार की विशेष भूमिका रही है।

## कांदई में महिला की हत्या के मामले में पुलिस की तत्पर कार्यवाही, महज 08 घंटे के भीतर ही आरोपी किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**गुना। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध और अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रहीं है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में जिले के म्याना थाना पुलिस द्वारा थानांतर्गत महिला की हत्या के मामले में तत्परता से कार्यवाही कर महज 08 घंटे के भीतर ही प्रकरण में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

गौरतलब है कि 3-4 नवम्बर 2025 की रात में जिले के म्याना थानांतर्गत ऊमरी चौकी क्षेत्र के ग्राम कांदई निवासी सूर सिंह भिलाला ने पारिवारिक कलह के चलते अपनी ही पत्नि रेशमा बाई उम्र 30 साल के साथ लाठी से मारपीट की गई, जिससे रेशमा बाई की मृत्यु हो गई । इस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल म्याना थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का बारीकी से मौका मुआयाना कर लाश पंचायतनामा तैयार किया गया एवं मृतिका के मायके पक्ष से भतीजे सुरेश भिलाला निवासी ग्राम माली थाना म्याना की रिपोर्ट पर से आरोपी सूर सिंह भिलाला के विरूद्ध म्याना थाने में अप.क्र. 301/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त घटनाक्रम के गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संज्ञान में आते ही उनके द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। निर्देशानुसार एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के नेतृत्व में म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार एवं ऊमरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रचना खत्री अपनी टीम के साथ आरोपी की तलाश में सक्रियता से जुट गये और जिसकी तलाश में सभी संभावित स्थानों पर सघन दविशें दी गई एवं लगातार खेत जंगल आदि में सर्चिंग की गई। जिसके परिणाम स्वरूप रिपोर्ट के महज 08 घंटे के भीतर ही पुलिस ने मुखबिर सूचना पर तत्पर और प्रभावी कार्यवाही कर आरोपी सूरसिंह पुत्र धन सिंह भिलाला उम्र 32 साल निवासी ग्राम कांदई थाना म्याना जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया।

म्याना थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार, ऊमरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रचना खत्री, प्रधान आरक्षक अशोक गुर्जर, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा, प्रधान आरक्षक वीरभान सिंह, आरक्षक सुनील यादव, आरक्षक रंजीत रमन एवं अमनप्रीत सिंह चीमा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।